Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-03-2006

Participants : Bishnoi Shri Jaswant Singh

an>

Title : Reported delay in the construction of roads by the Government.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भूतल परिवहन मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहूंगा कि चार साल पहले बर से लेकर बाड़मेर तक और बर से जोधपुर होते हुए जैसलमेर तक के लिए नेशनल हाइवे संख्या 112 एवं नेशनल हाइवे संख्या 114 स्वीकृत हुए थे। यह स्वीकृति मिले अब तक चार साल हो चुके हैं, लेकिन अभी तक वहां पर कार्य शुरू नहीं हुआ है। ये दोनों नेशनल हाइवे सामरिक दृटि से बहुत महत्वपूर्ण हैं, जहां पर हमेशा देश की सेना की गाड़ियों का आवागमन होता रहता है। इसलिए मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के भूतल परिवहन मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि इन दोनों सड़कों का कार्य तुरन्त शुरू कराएं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं इसके साथ ही यह भी निवेदन करना चाहूंगा कि सेन्ट्रल रोड फण्ड से पैसा दिए जाने के लिए राजस्थान सरकार की ओर से प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पास आए हुए हैं, लेकिन अभी तक वे प्रस्ताव स्वीकृत नहीं हुए हैं। इसलिए मैं भूतल परिवहन मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि राजस्थान की सड़कों के लिए सेन्ट्रल रोड फण्ड से पैसा दिए जाने की स्वीकृति प्रदान करें।